# अंतिम चार में भांबरी की जोड़ी

## यूएस ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में युकी भांबरी और माइकल वीनस



**न्यूयॉर्क, 4 सितंबर.यूएस ओपन 2025 में बुधवार को भारत के टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ पुरुष युगल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरी ओर, महिला एकल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जबकि पुरुष एकल के सेमीफाइनल के लिए दिग्गज खिलाड़ियों की भिड़ंत तय हो गई है।**

युकी भांबरी और माइकल वीनस की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में 11वीं वरीयता प्राप्त निकोला मेक्टिक और राजीव राम को 6-3, 6-7(8), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 33 वर्षीय भांबरी, जो 2009 के जूनियर ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन रहे हैं, ने चोटों से जूझने के बाद एकल से युगल में स्विच किया था। यह उनके करियर का पहला ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है, जो लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना जैसे दिग्गजों की विरासत को आगे बढ़ा रहा है। सेमीफाइनल में उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी जो सैलिसबरी और नील स्कुपस्की से होगा।

### पुरुष एकल में तय हुई बड़ी भिड़ंत

डिफेंडिंग चैंपियन और विश्व नंबर एक यानिक सिनर ने अपने हमवतन लोरेंजो मुसेटी को 6-1, 6-4, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। यह पहला मौका था जब किसी ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में दो इतालवी खिलाड़ी आमने-सामने थे। सिनर का शानदार हार्डकोर्ट विनिंग स्ट्रीक अब 26 मैचों का हो गया है। उनका अगला मुकाबला कनाडा के 25वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम से होगा, जिन्होंने एक कड़े मुकाबले में एलेक्स डी मिनौर को 4-6, 7-6(7), 7-5, 7-6(4) से हराया। सबसे बड़ा मुकाबला पुरुष एकल के दूसरे सेमीफाइनल में होगा, जहां मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व नंबर 2 कार्लोस अल्कराज का सामना पांच बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और 38 वर्षीय नोवाक जोकोविच से होगा।

### महिला एकल में एनिसिमोवा-ओसावा में होगा मुकाबला

महिला एकल में अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा एनिसिमोवा ने एक बड़ा उलटफेर करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-4, 6-3 से हरा दिया। यह जीत एनिसिमोवा के लिए खास रही, क्योंकि दो महीने पहले ही विंबलडन के फाइनल में स्वियातेक ने उन्हें 6-0, 6-0 से हराया था। अब सेमीफाइनल में एनिसिमोवा का मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा। मातृत्व अवकाश के बाद वापसी कर रहीं ओसाका ने चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा को 6-4, 7-6(3) से हराया।

# अमित मिश्रा ने लिया संन्यास

## 42 वर्षीय लेग स्पिनर ने सोशल मीडिया पर किया ऐलान



- आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार कॅरियर का अंत
- भारत के लिए 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी-20 मैच खेले
- आईपीएल में 162 मैचों में 174 विकेट लेकर आठवें स्थान पर
- मिश्रा का पिछला प्रतिस्पर्धी मैच 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए था

**नई दिल्ली, 04 सितंबर (वार्ता) भारतीय क्रिकेट के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने गुरुवार को 25 साल के शानदार करियर के बाद क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी।**

42 वर्षीय अमित मिश्रा आईपीएल में तीन बार हैट्रिक लेने वाले एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। उन्होंने 2003 से 2017 तक भारत के लिए 22 टेस्ट, 36 एकदिवसीय और 10 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

उनका पिछला प्रतिस्पर्धी मैच आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए था। आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स), डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और एलएसजी जैसी टीमों के लिए खेलते हुए, उन्होंने 162 मैचों में 174 विकेट लिए और इस मामले में वह आठवें स्थान पर हैं।

मिश्रा ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट में लिखा, आज, 25 साल बाद, मैं क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं - एक ऐसा खेल जो मेरा पहला प्यार, मेरा शिक्षक और मेरी खुशी का सबसे बड़ा स्रोत रहा है। उन्होंने बीसीसीआई, हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन, अपने कोचों, साथी खिलाड़ियों और प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके परिवार का समर्थन इस सफर में उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण रहा।

# हैदर अली को मिली राहत

## अब स्वदेश या यूके से कहीं भी जा सकेंगे

**नई दिल्ली 4 सितम्बर.** पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर अली को कुछ दिन पहले लंदन में उस समय गिरफ्तार कर लिया था, जब वह पाकिस्तान शाहीन टीम की तरफ से खेलने लिए गए हुए थे. हैदर जब मेलबर्न



क्रिकेट क्लब के खिलाफ कैंटरबरी मैदान में खेलने के लिए उतरे तो उस समय मैनचेस्टर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. उन पर एक ब्रिटिश-पाकिस्तानी महिला ने रेप का आरोप लगाया था. इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी उन्हें सस्पेंड कर दिया था, अब क्रिकेटर को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है.

महिला ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि वह 23 जुलाई 2025 को मैनचेस्टर के एक होटल में क्रिकेटर हैदर अली से पहली बार मिली थी. इसके बाद एशफोर्ड में दोनों 1 अगस्त को फिर मिले. करीब 15 दिन पहले महिला ने ये रिपोर्ट दर्ज करवाई थी. रिपोर्ट्स के हवाले से कहा जा रहा है कि पुलिस ने अब हैदर अली को कहीं भी जाने की स्वतंत्रता दे दी है. अली को उनका पासपोर्ट लौटा दिया गया है, अब वह स्वदेश या यूके से कहीं भी जा सकते हैं.

# इंडिया ऑरेंज बनी महिला दृष्टिबाधित टी20 चैंपियन

## फाइनल में इंडिया ऑरेंज ने इंडिया रेड को हराया

**बेंगलुरु, 04 सितंबर।** एनटीटी डेटा महिला दृष्टिबाधित टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का बेंगलुरु में अल्टियोर स्पोर्ट्स - द ओवल में समापन हो गया, जिसमें इंडिया ऑरेंज की टीम चैंपियन बनी।

गीले आउटफील्ड के कारण मैच 10-10 ओवर का कर दिया गया था। टॉस जीतकर इंडिया रेड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इंडिया ऑरेंज ने सिमु दास (बी1) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत 10 ओवर में 1 विकेट पर 94 रन का प्रभावशाली स्कोर बनाया। सिमु ने 31 गेंदों पर 54 रन की जोरदार पारी खेली। जवाब में, इंडिया रेड लक्ष्य का पीछा करने में संघर्ष करती दिखी और नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही, जिससे वह अंततः मैच हार गई। इंडिया ऑरेंज की अनुशासित गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण ने टीम की जीत सुनिश्चित की। इस रोमांचक फाइनल में अपनी शानदार पारी के लिए सिमु दास को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सिमु दास (बी1), अनेखा ठाकुर (बी2) और दीपिका टीसी (बी3) को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया।

टूर्नामेंट जीतकर, इंडिया ऑरेंज ने ?100,000 के नकद पुरस्कार के साथ एनटीटी डेटा चैंपियंस ट्रॉफी भी अपने नाम कर ली।

- सिमु दास की तूफानी पारी से टीम ने जीता फाइनल
- सिमु दास ने 31 गेंदों पर बनाए 54 रन
- गीले आउटफील्ड पर मुकाबला 10-10 ओवर का हुआ

### भारत 14 अक्टूबर को मडगांव में सिंगापुर से भिड़ेगा

**मडगांव.** भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशिया कप 2027 फाइनल राउंड क्वालीफायर में 14 अक्टूबर को मडगांव स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सिंगापुर के खिलाफ मैदान में उतरेगी। भारत और सिंगापुर के बीच डबल लेग मुकाबला नौ अक्टूबर को सिंगापुर के नेशनल स्टेडियम में शुरू होगा, जिसके पांच दिन बाद गोवा में रिटर्न लेग होगा। अक्टूबर के मैच भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारतीय टीम वर्तमान में अपने शुरुआती दो मैचों में केवल एक अंक के साथ ग्रुप सी में सबसे निचले पायदान पर है। टीम पर एएफसी एशिया कप सऊदी अरब 2027 की दौड़ में बने रहने के लिए मजबूत प्रदर्शन करने का दबाव है। गोवा में भारत का फुटबॉल सफर मिला-जुला रहा है। यह राज्य में खेला जाने वाला 17वां सीनियर पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। 2017 एशियाई कप क्वालीफायर में म्यांमार ने भारत को 2-2 से बराबरी पर रोका था। ब्लू टाइगर्स इससे पहले गोवा में सिंगापुर से भिड़ चुके हैं। राज्य में भारत का रिकॉर्ड पांच जीत, पांच ड्रॉ और छह हार का है। सिंगापुर के मैचों के बाद भारत 18 नवंबर को ढाका में बंगलादेश से भिड़ेगा और 31 मार्च 2026 को घरेलू मैदान पर हांगकांग की मेजबानी करेगा। ग्रुप सी की केवल शीर्ष टीम ही सऊदी अरब में होने वाले एएफसी एशिया कप 2027 के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी।

### एक नजर में

#### आईपीएल पर बढ़ेगा जीएसटी

**नई दिल्ली.** सरकार के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार के तहत कैसिनो, रेस क्लब और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे प्रीमियम खेल आयोजनों पर जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है। इस फैसले से खेल प्रेमियों को बड़ा झटका लगा है। इस नई टैक्स व्यवस्था के तहत, आईपीएल मैच के टिकट अब महंगे हो जाएंगे। 1000 रुपये के एक टिकट पर अब 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जिससे उसकी कीमत 1400 रुपये हो जाएगी, यानी 120 रुपये की सीधी बढ़ोतरी। हालांकि, अच्छी खबर यह है कि भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया जैसे सामान्य अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों पर जीएसटी 18 प्रतिशत ही रहेगा। जीएसटी में इस बदलाव का सीधा फायदा खिलाड़ियों को मिलेगा। बैडमिंटन रैकेट, क्रिकेट के दस्ताने और फुटबॉल जैसे खेल उपकरण और सामान अब पहले से सस्ते और किफायती होंगे।

#### विश्व तीरंदाजी स्पर्धा में 12 सदस्यीय टीम भाग लेगी

**नयी दिल्ली.** ओलंपियन दीपिका कुमारी और कंपाउंड स्टार ज्योति सुरेखा वेन्नम सहित 12 सदस्यीय भारतीय टीम शनिवार से कोरिया गणराज्य के ग्वांगजू में शुरू होने वाली विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में भाग लेगी। कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल में ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत भी 12 सदस्यीय टीम में शामिल हैं। विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप पहली बार 1931 में आयोजित हुई थी। 1950 के दशक से प्रत्येक दो वर्ष में इसका आयोजन हो रहा है। भारतीय तीरंदाजों ने इस प्रतियोगिता में 15 पदक जीते हैं। जिनमें तीन स्वर्ण, नौ रजत और तीन कांस्य शामिल हैं। बर्लिन 2023 में आयोजित पिछले संस्करण में तीन स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक जीत कर भारत पहले स्थान पर रहा था।

#### अभय और रायजा ने मारी बाजी

**भूचो.** )अभय सिंह सेखों और रायजा ढिल्लों ने पंजाब के भूचो गांव स्थित भाई देविंदर सिंह सिद्धू गन क्लब में आयोजित नेशनल सेलेक्शन शॉटगन ट्रायल 4 (टी4) में क्रमश: पुरुष और महिला स्कीट स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। रायजा ने महिला वर्ग के क्वालिफिकेशन राउंड में भी 19 खिलाड़ियों की सूची में टॉप किया, जबकि एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट अनंतजीत सिंह नरूका ने पुरुष वर्ग में 35 खिलाड़ियों के बीच क्वालिफिकेशन राउंड में पहला स्थान पाया। स्कीट पुरुष वर्ग में अभय सिंह सेखों ने फाइनल में 60 में से 55 निशाने लगाकर टी4 में पहला स्थान हासिल किया, जबकि गुरजोत सिंह और नरूका ने क्रमश: 53 और 44 हिट के साथ दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्वालिफिकेशन में अभय सिंह सेखों ने पांच राउंड (24, 21, 23, 24, 25) में कुल 117 हिट्स और शूट-ऑफ में 3 अंक के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया।

#### आईसीसी महिला विश्व कप टिकट बिक्री शुरू

**नयी दिल्ली.** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए टिकटों की जानकारी और प्रमुख मनोरंजन योजनाओं का अनावरण किया है, जो चार भारतीय शहरों और कोलंबो, श्रीलंका में खेला जाएगा। एक बड़ी घोषणा के अनुसार, प्रसिद्ध भारतीय गायिका श्रेया घोषाल भारत और श्रीलंका के बीच टूर्नामेंट के पहले मैच से पहले, गुवाहाटी में होने वाले भव्य उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति देंगी। घोषाल, जिन्होंने टूर्नामेंट का आधिकारिक गान, फ्ब्रिंग इट होमफ्र भी रिकॉर्ड किया है, एक लाइव प्रस्तुति देंगी जो वैश्विक मंच पर महिला क्रिकेट की ऊर्जा, भावना और एकता का जश्न मनाएगी। इस वर्ष का आयोजन किसी भी आईसीसी वैश्विक आयोजन के लिए रिकॉर्ड कम कीमतों के साथ, सुलभता के मामले में एक नया मानक स्थापित करेगा। पहले चरण में भारत में सभी लीग मैचों के टिकटों की कीमत केवल 100 रुपये (लगभग 1.14 अमेरिकी डॉलर) है।

#### एनडीटीएल को डोप परीक्षण में बड़ी सफलता

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) ने प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड का पता लगाने की प्रक्रिया में बड़ी सफलता हासिल की है। प्रयोगशाला ने एक नया %रेफरेंस% पदार्थ, मिथेनडाइनोन मेटाबोलाइट, विकसित किया है जो मूत्र के नमूनों में इस पदार्थ का पता लगाने में अधिक सटीकता और लंबी %डिटेक्शन विंडो% सुनिश्चित करेगा। यह उपलब्धि भारत को खेल विज्ञान और डोप रोधी प्रयासों के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने %एक्स% पर इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए गर्व है कि एनडीटीएल ने डोप परीक्षण में सटीकता बढ़ाने के लिए एक नया %रेफरेंस% पदार्थ मिथेनडाइनोन मेटाबोलाइट विकसित किया है। उन्होंने आगे कहा कि इस पदार्थ को दुनिया भर की विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के साथ साझा किया जाएगा, जिससे वैश्विक डोपिंग रोधी प्रयासों में भारत का योगदान बढ़ेगा।



# भारत ने बहरीन को हराया

## सुहैल और शिवाल्दो के गोल से शानदार शुरुआत

**दोहा (कतर), 04 सितंबर (वार्ता) भारत की अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर-23 एशिया कप 2026 क्वालीफायर अभियान की शानदार शुरुआत की है। टीम ने यहां सुहेम बिन हमद स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में बहरीन को 2-0 से मात दी।**

- मुहम्मद सुहैल ने 32वें मिनट में दिलाई बढ़त
- चिंगंगबाम शिवाल्दो ने 90वें मिनट में किया गोल

मुहम्मद सुहैल (32वें मिनट) और चिंगंगबाम शिवाल्दो सिंह (90वें मिनट) के बेहतरीन गोलों की मदद से भारत ने ग्रुप एच के पहले मैच में महत्वपूर्ण तीन अंक हासिल किए। पूरे 90 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में, दोनों ही टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाए। मैच की शुरुआत में बहरीन को कुछ शुरुआती मौके मिले, लेकिन वे भारतीय गोलकीपर साहिल को भेदने में नाकाम रहे। दूसरी ओर, भारत को भी कुछ मौकों पर निराशा हाथ लगी जब उन्हें ऑफसाइड करार दिया गया।

आखिरकार, 32वें मिनट में मुहम्मद सुहैल ने मैकार्टन लुइस निकसन के पास पर शानदार फुटवर्क दिखाते हुए गेंद को गोल पोस्ट में डालकर भारत को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में, भारत के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने कई रणनीतिक बदलाव किए, जिससे टीम को नई ऊर्जा मिली। मैच के अंतिम क्षणों में, 90वें मिनट में, श्रीकुट्टन एमएस के एक क्रॉस पर डाइव लगाते हुए शिवाल्दो ने गोल

# बर्तवाल ने की विजयी शुरुआत

**लिवरपूल (ब्रिटेन) 04 सितंबर (वार्ता)** भारतीय मुक्केबाज पवन बर्तवाल ने गुरुवार को पुरुषों की 55 किलोग्राम भार वर्ग की करीबी बाउट में ब्राजील के माइकल डगलस ट्रिनडे को हराकर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में विजयी शुरुआत की। आज यहां खेले गये मुकाबले में पहले दो राउंड के बाद बर्तवाल और ट्रिनडे बराबरी पर थे, लेकिन दूसरे राउंड में ट्रिनडे ने बर्तवाल की बढ़त को खत्म कर दिया। इसके बाद बर्तवाल ने तीसरे और अंतिम राउंड में दबाव में अपनी कुशलता का प्रदर्शन करते हुए अपने ब्राजीलियाई प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ा और फिर अपने मुक्कों से जजों को प्रभावित करते हुए पहला मुकाबला 3-2 से जीत लिया।

# मुहम्मद वसीम की कप्तानी में यूएई की टीम तैयार

## एशिया कप के लिए यूएई टीम का ऐलान



**दुबई, 04 सितंबर (वार्ता)** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने गुरुवार को एशिया कप 2025 के लिए मुहम्मद वसीम की अगुवाई में 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

इस टीम में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला में शामिल किए गए दो नए खिलाड़ियों- दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मतिउल्लाह खान और बाएं हाथ के स्पिनर सिमरनजीत सिंह को बरकरार रखा गया है। 32 वर्षीय मतिउल्लाह ने अब तक एक एकदिवसीय और पांच अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं। वहीं, 35 वर्षीय सिमरनजीत ने पांच एकदिवसीय और 11 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में यूएई का प्रतिनिधित्व किया है।

एशिया कप 2025 का आयोजन नौ सितंबर से दुबई और अबू धाबी में होगा। इसमें यूएई ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान और ओमान के साथ है। यूएई अपना पहला मुकाबला 10 सितंबर को दुबई में भारत के खिलाफ खेलेगा। यूएई की टीम ने अब तक किसी भी प्रारूप में भारत या पाकिस्तान को नहीं हराया है।

### एशिया कप के लिए यूएई की पूरी टीम

मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, अर्यांश शर्मा (विकेटकीपर), आसिफ खान, ध्रुव पाराशर, एथन डिसूज़ा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मतिउल्लाह खान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद जोहैब, राहुल चोपड़ा (विकेटकीपर), रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह और सगीर खान।

**चुनाव** — आईपीएल चेयरपर्सन की नौकरी भी खतरे में!

# बीसीसीआई में जल्द होंगे चुनाव, राजीव शुक्ला प्रेसिडेंट बनेंगे या नहीं?



**नई दिल्ली 4 सितम्बर.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं. पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के अध्यक्ष पद से रिटायर होने बाद ये पोस्ट खाली हो गई है. इस समय राजीव शुक्ला बीसीसीआई के कार्यकारी अध्यक्ष हैं. आईपीएल के चेयरपर्सन अरुण धूमल का पद भी खाली हो सकता है.

अरुण धूमल को अक्टूबर 2025 में बीसीसीआई में अलग-अलग पदों पर काम करते हुए छह साल पूरे होने वाले हैं, जिसके बाद उनका तीन साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड शुरू होगा, जिसके तहत वे तीन साल तक बीसीसीआई में अफसर नहीं रहेंगे. बीसीसीआई में होने वाले इलेक्शन से पहले कई सवाल खड़े हो गए हैं, जिसमें बीसीसीआई के अध्यक्ष से लेकर आईपीएल चेयरपर्सन के पद पर कौन बैठेगा, ये अब इलेक्शन के बाद ही पता चल पाएगा. सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या राजीव शुक्ला ही बीसीसीआई के अध्यक्ष बनेंगे. राजीव शुक्ला कई सब-कमेटी, कमेटी, आईपीएल चेयरपर्सन और भारतीय टीम के मैनेजर जैसे कई रोल निभा चुके हैं और काफी लंबे समय से बोर्ड के साथ जुड़े हुए हैं. राजीव शुक्ला 2020 में ब्ण्ब्ण्ब्ण्प् के उपाध्यक्ष बने. राजीव शुक्ला अगर बीसीसीआई के अध्यक्ष चुने जाते हैं, तब उनका कार्यकाल दिसंबर 2026 में पूरा हो जाएगा. सुप्रीम कोर्ट के 2022 में आए फैसले के मुताबिक, कोई भी अधिकारी छह साल तक ही इस अथॉरिटी में अफसर रह सकता है. बीसीसीआई में आफिस बेयरर के चार पद हैं, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सेक्रेटरी और ट्रेजरर का पद शामिल है. राजीव शुक्ला को उपाध्यक्ष के पद पर 4.5 साल से ज्यादा का समय हो गया है. अगर वे अध्यक्ष बनते हैं, तब उन्हें दिसंबर 2026 में इस पद से हटना होगा.

### अरुण धूमल का कूलिंग ऑफ पीरियड

ब्ण्ब्ण्ब्ण्प् इलेक्शन में दूसरा सवाल ये है कि क्या आईपीएल चेयरपर्सन अरुण धूमल को कूलिंग ऑफ पीरियड पूरा करना होगा. अरुण धूमल 2019 में ट्रेजरर बनाए गए थे और 2022 में उन्हें आईपीएल चेयरपर्सन का रोल मिला. धूमल ने बीसीसीआई में 6 साल तो पूरे कर लिए हैं, लेकिन आफिस बेयरर के तौर पर तीन साल ही हुए हैं. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अरुण धूमल को कूलिंग ऑफ पीरियड पर जाना होता है, तब अनिरुद्ध चौधरी को आईपीएल चेयरपर्सन बनाया जा सकता है.